तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

4
अब मोबाइल से टोकन लेकर खाद खरीद सकेंगे किसान, रबी सीजन से लागू होगी नई व्यवस्था



खबर संक्षेप

महिला बेटे के साथ लापता अपहरण की आशंका

रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला अपने मासूम बेटे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पत्नी और बच्चे की तलाश में पति ने रिश्तेदारों से लेकर गांव और आसपास के इलाकों तक खोजबीन की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिला। महिला का मोबाइल फोन भी बंद मिलने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है। पति ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम सिसरिंटगा निवासी राजू टोप्पो 32 वर्ष चालक का काम करते हैं। उनकी शादी करीब छह साल पहले हुई थी और उनका एक बेटा है। बीते 5 अक्टूबर की रात करीब 11:30 बजे उनकी पत्नी शशिकिरण टोप्पो अपने बेटे ऐशु को साथ लेकर घर से कहीं चली गई। इसके बाद से दोनों का पता नहीं चल पाया है। पत्नी और बेटे के अचानक लापता होने के बाद राजू टोप्पो ने अपने रिश्तेदारों, गांव और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश की। इस दौरान महिला के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश भी की गई, लेकिन फोन बंद मिले। काफी प्रयासों के बावजूद दोनों की जानकारी नहीं मिलने पर पति ने अनहोनी की आशंका जताई है। राजू ने आशंका व्यक्त की है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी पत्नी और बेटे का अपहरण किया हो सकता है। हालांकि, अपहरण की आशंका की अभी पुष्टि नहीं हुई है। महिला और बच्चे के लापता होने के पीछे की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पति की शिकायत के आधार पर धरमजयगढ़ पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 140(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से मौत, पति-बेटी गंभीर

रायगढ़। नवरात्रि में पूजा-अर्चना के लिए निकले एक परिवार की खुशियां सड़क हादसे में मातम में बदल गईं। जिले के ग्राम आमापाली-अमरैया मुख्य मार्ग पर लाल रंग के बिना नंबर वाले महिंद्रा ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बहिरकेला निवासी बसंत कुंवर राठिया अपने पति नरोत्तम राठिया और बेटी हेमा राठिया के साथ रविवार को नवरात्रि पूजा में शामिल होने ग्राम बटूराकछार जा रही थीं। परिवार सुबह करीब 10:30 बजे मोटरसाइकिल से घर से निकला था। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 11 बजे जब परिवार की मोटरसाइकिल ग्राम आमापाली-अमरैया मुख्य मार्ग से गुजर रही थी, तभी लाल रंग के बिना नंबर वाले महिंद्रा ट्रैक्टर से उसकी टक्कर हो गई। शिकायत में ट्रैक्टर चालक पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया गया है। टक्कर इतनी गंभीर थी कि मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मोबाइल फोन के जरिए परिवार के दूसरे सदस्य तक पहुंची। सूचना मिलते ही वह घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मां, पिता और बहन को घायल अवस्था में देखा। घटनास्थल के पास लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर भी खड़ा था। घायलों को तत्काल उपचार के लिए घरघोड़ा अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बसंत कुंवर राठिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल नरोत्तम राठिया की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए रायगढ़ रेफर किया गया। बेटी हेमा राठिया का अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं मृतका के बेटे ने ट्रैक्टर चालक की कथित लापरवाही को हादसे का कारण बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

चार गांव के 1 हजार 118 खसरे की 217.906 हेक्टेयर जमीन है प्रभावित

एयरपोर्ट की जद में आने वाली संपत्तियों का आंकलन करेंगे एसडीएम, कलेक्टर ने मांगी गांव की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोड़ातराई एयरपोर्ट का रास्ता धीरे-धीरे साफ होते जा रहा है। याने यहां एयरपोर्ट बनेगा अब यह तय हो गया है। इसके लिए जितनी जमीन की जरूरत है उतनी जमीन चार गांवों के किसानों से लिया जाएगा। इसमें करीब 1 हजार 118 खसरे का 217.906 हेक्टेयर जमीन है प्रभावित हो रही है। इसके मुआवजे के लिए वहां के परिसंपत्तियों को मिलाकर गणना पत्रक तैयार करने कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिया है। कलेक्टर भूअर्जन शाखा से पत्र मिलने के बाद एसडीएम की ओर से इसकी प्रक्रिया भी चालू कर दी गई है।

अब कोड़ातराई में एयरपोर्ट बनेगा यह तय है। इसमें चार गांव प्रभावित हो रहे हैं। चार गांव के एक हजार 118 खसरा के करीब 217.906 हेक्टेयर जमीन आ रहा है। जमीन के अलावा वहां लगे पेड़ और अन्य संपत्तियों का मुआवजा किसानों को देना पड़ेगा। इसके लिए पहले इन संपत्तियों का गणना पत्रक तैयार किया जाएगा। मुआवजा की राशि मिलने के बाद ही अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इसके कारण कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने एसडीएम महेश शर्मा को एक पत्र जारी किया है। इसमें कोड़ातराई एयरपोर्ट विकास के लिए प्रभावित गांवों की भूमि और उस पर स्थित परिसंपत्तियों के मुआवजे की कुल अनुमानित राशि गणना पत्रक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। यह पत्र भूअर्जन शाखा की ओर से बीते 10 अक्टूबर को एसडीएम को लिखा गया है।



हर गांव का अलग-अलग गणना पत्रक तैयार करने का दिया निर्देश

मांगी गई है समेकित कुल मुआवजा की जानकारी

एसडीएम से ग्रामवार, मदवार और समेकित कुल मुआवजा राशि का स्पष्ट विवरण समेत गणना पत्रक मांगी गई है। इस जानकारी के बाद एयरपोर्ट विकास के लिए भू अर्जन की कार्रवाई आगे बढ़ेगी। जब गणना पत्रक मिलेगी तो उसके आधार पर विमानन विभाग से राशि मांग की जाएगी।

इन गांवों की इतनी जमीन होगी प्रभावित

एयरपोर्ट के लिए चार गांवों में कोड़ातराई, बेलपाली, औरदा और जकेला की जमीन प्रभावित हो रही है। इसमें कोड़ातराई की 365 खसरे की 53.900 हेक्टेयर जमीन जा रही है। इसी तरह बेलपाली गांव की 165 खसरे की 50.830 हेक्टेयर, औरदा की 241 खसरे की 26.548 हेक्टेयर और जकेला 347 खसरे की 86.628 हेक्टेयर जमीन शामिल है।

गौवंश तस्करी मामले में 6 महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। पशु क्रूरता के मामले में करीब छह महीने से फरार आरोपी को पुलिस ने झारखंड के गुमला से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद फिरोज निवासी आजाद बस्ती, गुमला, झारखंड के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बीते अप्रैल में सामारूमा बस्ती के आगे जंगल के पास गौवंशों से भरी पिकअप की ट्रेलर से टक्कर हुई थी। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारए 10 अप्रैल 2026 को ग्राम गोदगोदा निवासी शिवचरण साहू जो गौ रक्षा समिति के सदस्य हैं ने थाना पूंजीपथरा में शिकायत दर्ज कराई थी। 9 अप्रैल की रात करीब 2 बजे पिकअप क्रमांक जेएच 02 बीटी 0299 में बड़ी संख्या में गौवंशों को ले जा रहे थे।

जिले के उद्योगों में सुरक्षा मानक दरकिनार, 10 प्लांट के अधिभोगियों पर साढ़े 8 लाख पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



औद्योगिक सुरक्षा और श्रमिकों के स्वास्थ्य से जुड़े नियमों के उल्लंघन के मामलों में रायगढ़ के 10 औद्योगिक प्रकरणों को लेकर श्रम विभाग ने सख्त कदम उठाया है। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ श्रम न्यायालय में 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज कराए हैं। इन उद्योगों के अधिभोगियों पर करीब साढ़े आठ लाख की पेनाल्टी लगाई गई है।

खास बात
- श्रमिकों के स्वास्थ्य संबंधी नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

अगस्त और सितंबर के दौरान की गई इस कार्रवाई में जिंदल स्टील लिमिटेड एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड, सिंघल स्टील एंड पावर सहित कई प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के मामले शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान कारखानों में सुरक्षा मानकों, श्रमिकों के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं और निर्धारित कानूनी प्रावधानों के पालन में अनियमितताएं पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के उप संचालक राहुल पटेल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने जिले में संचालित विभिन्न कारखानों का औचक निरीक्षण किया था।

इस दौरान औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था, श्रमिकों के स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर निर्धारित मानकों के अनुपालन की जांच की गई। निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन सामने आने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के जिम्मेदार अधिभोगियों, संचालकों और कारखाना प्रबंधकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। विभाग ने अगस्त में चार और सितंबर में छह प्रकरण दर्ज कराए। इस तरह दो महीनों के भीतर 10 आपराधिक मामले श्रम न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं।

इन उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई

कार्रवाई के दायरे में जिंदल स्टील लिमिटेड की यूनिट.1, यूनिट.2 और यूनिट.3 से संबंधित तीन अलग-अलग प्रकरण शामिल हैं। इन मामलों में अधिभोगी देबोज्योति रॉय और कारखाना प्रबंधक वरुण मिश्रा के खिलाफ विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह एनआरव्हीएस स्टील लिमिटेड तराईमाल के अधिभोगी पवन अग्रवाल के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया गया है। एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड से संबंधित दो अलग-अलग प्रकरण भी इस कार्रवाई में शामिल हैं। इनमें अधिभोगी प्रदीप कुमार डे और कारखाना प्रबंधक संजय सिंह परिहार के खिलाफ मामले दर्ज कराए गए हैं। वहीं सिंघल स्टील एंड पावर लिमिटेड की यूनिट.2, तराईमाल के अधिभोगी संजय अग्रवाल और कारखाना प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज कराया गया है। मां शिवा स्टील एंड एलॉयज, पूंजीपथरा के अधिभोगी रजत गर्ग के विरुद्ध भी आपराधिक मामला दायर किया गया है। जिंदल पैंथर सीमेंट और जिंदल प्रोजेक्ट्स से जुड़े मामलों में भी विभाग ने कार्रवाई की है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक जिंदल पैंथर सीमेंट के संचालक दीपक कुमार श्रीवास्तव और जिंदल प्रोजेक्ट्स के संचालक राजकुमार जैन के खिलाफ निर्माण श्रमिकों की सुरक्षा से जुड़े नियमों के उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त अंजनी स्टील लिमिटेड उज्जवलपुर के अधिभोगी शिवधारी यादव और कारखाना प्रबंधक आरएन प्रधान के खिलाफ भी प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इन उद्योगों पर कारखाना अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

अब व्यापमं परीक्षा पर आ सकता है संकट, चांदमारी स्कूल की घटना के बाद ड्यूटी करने से कतरा रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा के आयोजन के बाद रायगढ़ में परीक्षा संचालन की व्यवस्था को लेकर विवाद सामने आया है। अधिकारी.कर्मचारी फेडरेशन से जुड़े पक्ष की ओर से परीक्षा ड्यूटी में लगे पर्यवेक्षकों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ कथित मनमानी निजी वाहनों के इस्तेमाल तथा खर्च का भुगतान नहीं किए जाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी परीक्षा केंद्र में हुए विवाद को लेकर भी जिला प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए हैं।

परीक्षा से पहले आयोजित ब्रीफिंग में कर्मचारियों को जो निर्देश दिए गए थे, परीक्षा के दिन उनमें बदलाव देखने को मिला। कर्मचारियों का दावा है कि नियमों का हवाला देकर पहले दिए गए निर्देशों से अलग बातें कही गईं जिससे परीक्षा संचालन में असमंजस की स्थिति बनी। इस व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया गया है कि जिले में अनुभवी अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी ऐसे लोगों को क्यों सौंपी गईए जिन्हें नियमों और प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं थी। हालांकि इन आरोपों पर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है। परीक्षा ड्यूटी को लेकर सबसे प्रमुख शिकायत निजी वाहनों के इस्तेमाल और ईंधन खर्च से जुड़ी है। कुछ विभागों के ऐसे अधिकारियों कोए जिन्हें शासकीय वाहन और ईंधन की सुविधा उपलब्ध है, परीक्षा में 'पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी से छूट दी गई जबकि दूसरे कर्मचारियों के निजी वाहनों का इस्तेमाल किया गया। शिकायत में दावा किया गया है कि कुछ पर्यवेक्षकों को 30 से 35 किलोमीटर दूर स्थित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने और परीक्षा सामग्री के परिवहन के लिए कई बार आवाजाही करनी पड़ी। इसके बावजूद उन्हें वाहन किराया या पेट्रोल.डीजल खर्च नहीं दिया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि ड्यूटी लगाने में समान मापदंडों का पालन नहीं हुआ और कुछ परिचित लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिम्मेदारियां तय की गईं। कर्मचारियों की ओर से सवाल उठाया गया है कि यदि निजी वाहन का इस्तेमाल प्रशासनिक कार्य के लिए किया जाता है, तो उसके खर्च की व्यवस्था स्पष्ट क्यों नहीं की जाती। इस संबंध में भुगतान के नियमों और ड्यूटी आवंटन की प्रक्रिया पर स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है।



नकल रोकने की सख्ती के बीच कर्मचारी भी दबाव में

परीक्षा में नकल रोकने के लिए सख्त निर्देशों का पालन कराने की जिम्मेदारी भी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के पास थी। शिकायत में कहा गया है कि नियमों के पालन को लेकर सख्ती बरतने के दौरान पैदा होने वाली परिस्थितियों में कर्मचारियों को पर्याप्त प्रशासनिक सहयोग नहीं मिल रहा है। परीक्षा केंद्रों पर विवाद की स्थिति बनने और परीक्षार्थियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की आशंका के कारण कर्मचारी दबाव में काम कर रहे हैं। शिकायतकर्ता पक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआए तो भविष्य में वे व्यापम की परीक्षाओं में ड्यूटी करने से पीछे हटने पर विचार कर सकते हैं।

कर्मचारियों को बंधक बनाने का आरोप

मामले का दूसरा गंभीर पहलू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी परीक्षा केंद्र में हुई घटना है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि परीक्षा के दौरान कुछ लोगों ने केंद्र पर हंगामा कियाए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप के अनुसार परीक्षा समाप्त होने के बाद भी कर्मचारियों को करीब चार घंटे तक केंद्र में बंद रखा गया। इस दौरान उन्हें जान से मारने और सांप्रदायिक तनाव फैलाने जैसी धमकियां दिए जाने का भी दावा किया गया है। शिकायतकर्ता पक्ष का कहना है कि मौके पर पर्याप्त हस्तक्षेप नहीं हुआ और कर्मचारियों को अपेक्षित सुरक्षा नहीं मिली।शिकायतकर्ता पक्ष ने बताया कि चांदमारी केंद्र की घटना के बाद भी कथित रूप से हंगामा करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई जबकि ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की गई। इसे लेकर पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं।

शादी का झांसा देकर युवती का शोषण, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भूपदेवपुर थाना क्षेत्र में घर से लापता 18 वर्षीय युवती को पुलिस ने जांजगीर चांपा जिले के हसौद थाना के ग्राम झरप से बरामद किया है। युवती के कथन के आधार पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोप में पुलिस ने 23 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 30 सितंबर को युवती की मां ने थाना भूपदेवपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। उसकी बेटी 29 सितंबर की रात घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों ने रात में तलाश की और अगले दिन पड़ोसियों व रिश्तेदारों से भी पूछताछ की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस ने धारा 140,3 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने युवती की मांए परिवार के सदस्यों और सहेलियों से पूछताछ की। इस दौरान ग्राम नंदेली, थाना कोतरारोड़ निवासी लाल कुमार विश्वकर्मा पिता रामचरण विश्वकर्मा 23 वर्ष से युवती की मित्रता होने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की। जानकारी मिली तो हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम झरप से युवती को बरामद किया। इसके बाद महिला अधिकारी के माध्यम से युवती का बयान दर्ज कराया गया। पुलिस के अनुसारए युवती के बयान में शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किए जाने का आरोप सामने आने पर मामले में बीएनएस की धारा 69 भी जोड़ी गई। युवती की सहमति से उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। पुलिस ने आरोपी लाल कुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।





छाल रेंज के रिलो गांव में खेत के बीच अकेला मिला था शावक

जंगल में बिछड़ा हाथी शावक, मां से मिलाने में जुटा वन अमला

रायगढ़। धरमजयगढ़ वन मंडल में एक बार फिर हाथी के नन्हे शावक के अपने दल से बिछड़ गया। छाल वन परिक्षेत्र के रिलो गांव में करीब 40 हाथियों का दल खेतों में पहुंचा था।

इसी दौरान एक नन्हा शावक अपने साथियों से अलग होकर पीछे छूट गया। खेतों में फसलों की रखवाली कर रहे ग्रामीणों की नजर जब अकेले घूम रहे शावक पर पड़ी, तो उन्होंने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी। इसके बाद वन विभाग और हाथी मित्र दल की टीम शावक को सुरक्षित उसके दल से मिलाने के लिए रेस्क्यू अभियान में जुट गई।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह घटना धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज अंतर्गत रिलो गांव की है। बीती रात हाथियों का एक बड़ा दल क्षेत्र के धान के खेतों में पहुंचा था। बताया जा रहा है कि इस दल में करीब 40 हाथी शामिल थे। इसी दौरान एक नन्हा शावक अपने दल से अलग हो गया और खेत में ही रह गया। रात के समय फसलों की रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने शावक को अकेला देखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बिना देर किए वन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही वन अमला और हाथी मित्र दल के सदस्य मौके पर पहुंचे तथा शावक को उसके परिवार से मिलाने की कोशिश शुरू कर दी। शावक के अकेले मिलने के बाद वन विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसे सुरक्षित उसके दल तक पहुंचाने की है। इसके लिए टीम लगातार प्रयास कर रही है। शावक की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ आसपास मौजूद हाथियों के दल की स्थिति पर भी ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उसे दोबारा अपने परिवार से मिलाया जा सके। हाथियों के ऐसे मामलों में सावधानी बरतना बेहद जरूरी होता है। शावक को सुरक्षित रखने के साथ यह भी सुनिश्चित करना होता है कि रेस्क्यू के दौरान हाथियों का दल आक्रामक न हो और ग्रामीणों की सुरक्षा पर कोई खतरा न आए। रिलो गांव में मिले नन्हे शावक को लेकर अब ग्रामीणों और वन विभाग की नजरें रेस्क्यू अभियान पर टिकी हैं। टीम की कोशिश है कि शावक को बिना किसी नुकसान के उसके दल तक पहुंचाया जा सके। धरमजयगढ़ वन मंडल में इस तरह की घटना पहले भी सामने आ चुकी है। इससे पहले बोरो रेंज के चाल्हा गांव में करीब दो साल का एक हाथी शावक अपने दल से अलग हो गया था। उस समय वन विभाग ने उसे वापस हाथियों के झुंड में शामिल कराने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली।

पीवी ऐप की तकनीकी समस्याओं व निलंबन तबादले की कार्रवाई के विरोध में आंदोलन

आज से पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राजस्व पटवारियों की प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर रायगढ़ जिले में भी पड़ने की आशंका है। पीवी ऐप के जरिए फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं तथा पटवारियों के खिलाफ की जा रही निलंबन और तबादले की कार्रवाई के विरोध में राजस्व पटवारी संघ ने आंदोलन का ऐलान किया है। संघ ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान करने और दंडात्मक कार्रवाई वापस लेने की मांग की है।

राजस्व पटवारी संघ का कहना है कि पीवी ऐप के माध्यम से फसलों का भौतिक सत्यापन करने में लगातार तकनीकी और व्यावहारिक परेशानियां सामने आ रही हैं। इन समस्याओं की जानकारी विभाग को देने के बावजूद अब तक ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। संघ का आरोप है कि तकनीकी दिक्कतों के बीच भी पटवारियों पर काम समय पर पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है। संघ ने बलौदाबाजार में संगठन के पदाधिकारियों के तबादले और महासमुंद जिले में पटवारियों के निलंबन की कार्रवाई पर विरोध जताया है। संगठन का आरोप है कि पीवी ऐप के बहिष्कार को लेकर की गई इन कार्रवाइयों से कर्मचारियों में नाराजगी है। संघ ने संबंधित कार्रवाई वापस लेने की मांग की है। पटवारियों की हड़ताल जारी रहने पर जिले में भी राजस्व से जुड़े कामकाज प्रभावित हो सकते हैं। जमीन के नामांतरणए सीमांकनए राजस्व अभिलेखों से संबंधित कार्यों और आयए जाति व निवास प्रमाण पत्रों के लिए जरूरी राजस्व प्रतिवेदन तैयार करने में देरी की आशंका है। हालांकिए जिले में सेवाओं पर वास्तविक असर पटवारियों की भागीदारी और प्रशासन की वैकल्पिक व्यवस्था पर निर्भर करेगा।



विभाग से समाधान की मांग

पटवारी संघ का कहना है कि कर्मचारी डिजिटल फसल सर्वेक्षण, एग्रीस्टैक, किसान पंजीयन, जनगणना और विभिन्न प्रमाण पत्रों से संबंधित काम भी कर रहे हैं। ऐसे में पीवी ऐप की तकनीकी समस्याओं का समाधान किए बिना अतिरिक्त दबाव बनाना उचित नहीं है। राजस्व पटवारी संघ ने पीवी ऐप की समस्याएं दूर करने कर्मचारियों के खिलाफ की गई कथित अनुचित कार्रवाई वापस लेने और कार्यप्रणाली में सुधार की मांग की है।

Rera no.
PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

A PROJECT BY
ORA MAKERS
Own your real asset.

New Town

Own it!

बड़े दिल वालों की
बड़ी दुनिया और बेहतर लोकेशन



- Majestic Grand Entrance Gate
- Modern Garden Living
- Elegant Clubhouse
- Attractive Waterbodies
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool
- Fully Equipped Gymnasium
- Indoor & Outdoor Games
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces

Navratri Special Offer

Spin Wheel Bonanza

Compulsory Gift On Every Booking & Site Visit...



* T&C Apply

2, 3, 4, 5 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS & PREMIUM PLOTS


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph

Scan this QR code for Location

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

newtown.bsp@gmail.com | www.newtownbsp.com | Follow us

Call: +91 98931 13444, 98931 28333

एक TOWN बड़े दिल वालों का

खबर संक्षेप

लंबित पेंशन, वेतन प्रकरणों के लिए शिविर 14 को

जशपुरनगर। जिले में लंबे समय से लंबित वेतन निर्धारण और पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर के निर्देश पर यह शिविर दिनांक 14 अक्टूबर 2026 बुधवार को सुबह 10:30 बजे मंत्रणा सभाकक्ष कलेक्टोरेट जशपुर में आयोजित होगा। जिला प्रशासन ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों के साथ शिविर में उपस्थित होकर उनका निराकरण कराना सुनिश्चित करें। यह शिविर सेवानिवृत होने वाले और जो सेवानिवृत हो चुके जिनका प्रकरण लंबित है उन कर्मचारियों के लिए राहत भरा साबित होगा।

दिव्यांग प्रमाणीकरण व यूडीआईडी शिविर 14 को

जशपुरनगर। कलेक्टर जिला जशपुर के निर्देशानुसार दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर का आयोजन बुधवार 14 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार में सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। जनपद पंचायत फरसाबहार अन्तर्गत समस्त दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण तथा पूर्व में जारी प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया जाएगा। शिविर में हितग्राहियों को आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार से लिंक मोबाइल, दिव्यांगता प्रदर्शित करता हुआ फोटोग्राफ जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। यदि आधार से लिंक मोबाईल नंबर अपडेट करने की आवश्यकता है तो पूर्व में ही आधार केन्द्र में मोबाइल नंबर अपडेट करवा लें। यह जानकारी उप संचालक, समाज कल्याण विभाग जिला जशपुर की ओर से दी गई है।

युवतियों को रोजगार से जोड़ने की पहल

जशपुरनगर। जिला प्रशासन और नवगुरुकुल वर्ष 2023 से जिले की युवतियों को कौशल-आधारित शिक्षा और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसी पहल के तहत 14 अक्टूबर को सेजेस पत्थलगांव में करियर-अवेयरनेस एवं स्कॉलरशिप सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार का विवरण 14 अक्टूबर सुबह 10 बजे स्थान सेजेस पत्थलगांव में इस सेमिनार के माध्यम से छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को नवगुरुकुल के कोर्स, पात्रता, स्कॉलरशिप चयन प्रक्रिया और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी। नवगुरुकुल एक नॉन-प्रॉफिट संस्था है, जो वंचित समुदायों की युवतियों को टेक्निकल एवं प्रोफेशनल स्किल्स सिखाकर रोजगार के लिए तैयार करती है। चयन प्रक्रिया पूरी करने वाली छात्राओं को मुफ्त शिक्षा, भोजन, आवास, लैपटॉप और वाई-फाई की सुविधा दी जाती है। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्हें जॉब और प्लेसमेंट में भी सहयोग दिया जाता है।

चोरी की दो बाइक बरामद 2 आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। वाड्रफनगर कुंभीडांड हाल मुकाम तुर्रापानी सिंह कालोनी निवासी रोहित सिंह ने अपनी बाइक सीजी 29 एजी 3079 कों कॉलोनी परिसर में खड़ा किया था और 18 सितंबर की रात कोई अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी करके ले गया। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने शदेह के आधार पर धंधापुर रेवतपुर हाल मुकाम नमनाकला पुराना पानी टंकी रोड निवासी 26 वर्षीय सुशील शांडिल्य आ. सधवन शांडिल्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपने दोस्त अभिषेक सोनी के साथ मिलकर सिंह कालोनी से बाइक चोरी करने तेल खत्म होने पर सुभाषनगर में छिपाने की बात कही। आरोपी ने बाइक की नम्बर प्लेट को निकालकर फेंक दिया था। इसके साथ ही पूछताछ करने पर आरोपी ने सुभाषनगर में राधे निवास के पास से एक अन्य बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 3084 चोरी करने और छिपाकर रखने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दूसरे आरोपी सुभाषनगर निवासी 23 वर्षीय अभिषेक सोनी आ. जवाहर सोनी को हिरासत में लेकर दोनों से चोरी की दो बाइक बरामद किया गया।

मुख्यमंत्री निवास बगिया में गूंजा हनुमान चालीसा

हनुमान चालीसा पाठ से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा, शक्ति व आत्मबल :कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री निवास बगिया में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन प्रारंभ हुआ।

- कौशल्या ने हनुमान चालीसा का गायन कर की आयोजन की शुरुआत,
- प्रतिदिन दिन संध्या बेला में किया जाएगा पाठ

रविवार से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने स्वयं हनुमान चालीसा का गायन किया,यह आयोजन प्रतिदिन संध्या बेला में किया जाएगा। उनकी सहभागिता से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर कौशल्या साय ने हनुमान चालीसा के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अपने-अपने घरों में नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ मन में श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मकता का संचार करता है। इससे व्यक्ति को ऊर्जा, शक्ति और आत्मबल की अनुभूति होती है तथा जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है।



हर घर में हो हनुमान चालीसा का पाठ

कौशल्या साय ने कहा कि हनुमान जी शक्ति, साहस, सेवा, समर्पण और अटूट भक्ति के प्रतीक हैं। उनकी आराधना से लोगों को धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। हनुमान चालीसा का नियमित पाठ परिवार में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करने के साथ ही मन को शांति और सकारात्मक दिशा प्रदान करता है।उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर धार्मिक अनुष्ठानों और ईश्वर की आराधना के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करें। प्रत्येक घर में हनुमान चालीसा का पाठ हो, जिससे लोगों को निरंतर सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति मिलती रहे।

नवरात्रि में भक्ति और साधना का विशेष महत्व

नवरात्रि शक्ति की उपासना का पावन पर्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ हनुमान जी की भक्ति और चालीसा पाठ का भी विशेष आध्यात्मिक महत्व है। मुख्यमंत्री निवास में प्रारंभ हुआ यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक साधना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौ तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

11 एवं 12 अक्टूबर की दरमियानी रात थाना लोदाम पुलिस की टीम रात्रि गश्त पर थी। इसी दौरान 12 अक्टूबर को सुबह करीब 3 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जशपुर की ओर से एक पिकअप वाहन में गौवंशों को भरकर झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम द्वारा नेशनल हाइवे पर पतराटोली के पास संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की गई। **पुलिस को देखकर तेज गति से भागने लगा पिकअप चालक-** सुबह करीब 4 बजे जशपुर की ओर से एक संदिग्ध पिकअप वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन रोकने के बजाय तेज गति से भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्काल उसका पीछा किया। पुलिस को पीछे आता देख चालक ने भलमंडा के पास नेशनल हाईवे पर वाहन से नियंत्रण खो दिया।




- पिकअप वाहन से 4 नग गौ वंशों को कराया मुक्त, एक गिरफ्तार

आरटीओ के ऑनलाइन जुर्माने व मैन्युअल रसीद की राशि में अंतर

रायगढ़। आरटीओ उड़नदस्ता अमले द्वारा भारी वाहनों की जांच के दौरान लगाई जाने वाली जुर्माने के रूप में ऑनलाइन जमा की गई राशि व इसके बदले चालकों को दी जाने वाली मैन्युअल रसीद की रकम में अंतर का मामला सामने आया है। ऑनलाइन माध्यम से जमा की जाने वाली राशि तीसरे पक्ष के बैंक खाते में जमा हो रही है, जबकि यह सीधे विभागीय खाते में जमा होनी चाहिए।

कोसमनारा बासपास, रेंगालपाली, हमीरपुर मार्ग सहित अन्य कुछ जगहों की पड़ताल की टीम द्वारा की गई। जिसमें आरटीओ उड़नदस्ता अमला भारी वाहनों पर निगरानी रखते हुए जुर्माने की कार्रवाई कर रहा था। इस दौरान कुछ चालकों ने बताया कि भारी वाहन में कमी और नियमों का उल्लंघन करने की बात कहते हुए उन्हें 3 से 4 हजार जुर्माना लगाया गया है, कुछ ने ऑनलाइन माध्यम से जुर्माना भी अदा किया। जिसमें कुछ चालकों ने 4 हजार 100 और कुछ ने 4 हजार 300 रूपए भुगतान किए, लेकिन उन्हें 4 हजार का ही मैन्युअल रसीद दिया गया। जबकि ऑनलाइन भुगतान पर उन्हें ऑनलाइन रसीद नहीं दी गई। इसके अलावा जब चालकों ने ऑनलाइन माध्यम से भुगतान किया, तब जुर्माने की रकम किसी आशीष सिदार नामक व्यक्ति के खाते में गई। जबकि नियमतः यह जुर्माने की रकम विभागीय बैंक खाते में जमा होना चाहिए था। कार्रवाई की रकम किसी तीसरे व्यक्ति यानी थर्ड पार्टी के खाते में जमा हो रही थी। हालांकि जब इसका कारण पूछा गया तो जुर्माने की जमा रकम को निकाल कर विभागीय खाते में जमा करने की बात कही गई और इसकी वजह तकनीकी खामियों का बता दिया गया। जब ऑनलाइन व मैन्युअल रकम में अंतर की बात आई तो मौके पर मौजूद अमले के जवाब में भी विरोधाभास था। हर बार नजर आती





है दोहरी स्थिति ऐसा मामला पहले भी आ चुका है। भारी वाहनों पर जुर्माना लगाने की यह दोहरी स्थिति सामने आ चुकी है। कोसमनारा बाईपास में वाहन चालक प्रदीप कुमार यादव ने 4 हजार 300 ऑनलाइन माध्यम से जुर्माना अदा किया, लेकिन उसे सिर्फ 4 हजार रूपए का बिल ही दिया गया। एक चालक ने बताया कि उसका वाहन मात्र 5 माह पुराना है, लेकिन इसके बाद भी तकनीकी खामी बता कर उसका जुर्माना लगाया गया है। जबकि फिटनेस, आरटीओ सहित तमाम दस्तावेज सही है।

दूसरे राज्यों की गाड़ियों पर जुर्माना अधिक

बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के अलावा दिगर प्रांतों से आने वाले भारी वाहनों से जुर्माना लिया जाता है। ज्यादातर ओडिशा, महाराष्ट्र और एमपी से आने वाले भारी वाहनों पर दस्तावेज पूरा नहीं होने व ओव्हरलोडिंग सहित कई तरह की तकनीकी खामियां बता कर जुर्माना लगाया जाता है।

खाते में जमा करने कहते है

कार्रवाई नियमानुसार की जाती है। ऑनलाइन जमा किए गए जुर्माने की राशि को ट्रेजरी में जमा किया जाता है। कई बार चालक ही दूसरे के खाते में जमा करने कहते हैं। जुर्माने के संबंध में वाहन मालिकों से चर्चा भी इस दौरान की जाती है।

राजेन्द्र बर्मन, उड़नदस्ता प्रभारी, रायगढ़।

जुआ के खिलाफ जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पत्थलगांव। 11 अक्टूबर रात करीबन 12 बजे पत्थलगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि, थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम मुड़ापारा में एक ढाबा के पीछे कुछ लोग जुआ का फड़ लगाए हैं, व ताश पत्ती से रुपए पैसे का दांव लगाकर कर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पत्थलगांव पुलिस कू टीम ने बताए स्थान पर घेरीबंदी कर छापेमार कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 9 जुआड़ीयों को हिरासत में लिया गया। जुआ के खिलाफ जशपुर पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी मामले में डीआईजी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस जुआ के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है, पत्थलगांव क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते हुए, 9 लोगों को पकड़ा है।

कलश यात्रा के साथ जगह-जगह बिराजी माँ दुर्गा

सरसीवा। सरसीवा में जगह-जगह माँ दुर्गा विराजी है। वही गांवों में भी भक्तों द्वारा माँ दुर्गा स्थापित की गई है। कलश यात्रा एवं अभिजीत मुहूर्त में दीप प्रज्वलन के साथ भक्ति में शक्ति की उपासना शुरू हो गया है। स्थानीय माँ महामाया मंदिर एवं माँ चंडी दाई मंदिर में भी दीप प्रज्वलित की गई है। सरसीवा के साथ ही आसपास के गांवों में भी बड़े बड़े पंडाल बनाये गए हैं जहां भक्तों ने कलश यात्रा निकाले और मा दुर्गा उपासना प्रारंभ किए।

अंचल ने जहां अधिकांश गांवों में बड़े बड़े पंडाल बनाकर भक्तों द्वारा माँ दुर्गा की मूर्ति



स्थापित की गई है वही सरसीवा में भी लगभग नो से दस स्थानों पर माँ दुर्गा स्थापित की गई है। सुबह पंडालों ने कलश यात्रा के साथ अभिजीत मुहूर्त में दीप प्रज्वलित की गई है। वही अंचल की प्रमुख आराध्य देवी माँ महामाया मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति विशेष साज सज्जा कर शुभ मुहूर्त में दीप प्रज्वलित हुई। यहाँ एक मनोकामना ज्योति कलश जलती है जो कि पूरे ग्राम वासियों के सहयोग से जलती है। आम लोगो का माँ के प्रति आस्था है, की मां महामाया यहाँ सैकड़ो वर्षों से ग्राम वासियों के रक्षा करते आ रही है। नवरात्रि प्रारंभ होते ही गरबा मंडली, भजन कीर्तन पार्टी एवं जस गीत पार्टी की मांग बढ़ गई है। प्रतिवर्ष की भांति इस भी आकर्षक दुर्गा पंडाल बनाए गए हैं। इसी तरह आसपास के गांवों में पेंड्रावन, जैतपुर में मां जायताई मंदिर में ज्योति जलाकर 9 दिनों तक पूजाअर्चना करते हैं वही क्षेत्र के बालपुर, झुमका, मुड़पार, मधाईभाठा, बिलासपुर, टाटा, मुच्छमलदा, रायकोना, गाताडीह, मनपसार इत्यादि गांवों में भी माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई है।

त्योहारों में रहेगा पुलिस का सख्त पहरा गरबा.डांडिया में सादी वर्दी में होगी निगरानी




रायगढ़। नवरात्रि, दुर्गा उत्सव और दशहरा के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रायगढ़ पुलिस अलर्ट मोड पर रहेगी। गरबा.डांडिया आयोजनों में सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे, जबकि शहर और संवेदनशील क्षेत्रों में देर रात तक पेट्रोलिंग होगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में एसएसपी शशि मोहन सिंह ने अपराध समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों और थाना प्रभारियों को सुरक्षा व्यवस्था से लेकर लंबित मामलों के निराकरण तक के लिए कड़े निर्देश दिए।

एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में होने वाले दुर्गा उत्सवए गरबा.डांडिया और दशहरा आयोजनों की जानकारी जुटाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। आयोजन समितियों के साथ समन्वय बनाकर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी रखने और रात में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को कहा गया है। आयोजनों में स्वयंसेवकों की तैनाती और पंडालों की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया गया। आयोजन की पूर्व सूचना नहीं देने वाली समितियों को नियमानुसार नोटिस जारी किया जा सकता है। कानून.व्यवस्था प्रभावित करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट और अफवाहों पर भी पुलिस की नजर रहेगी।त्योहारों के दौरान शहर में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था के लिए विशेष योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल करनेए दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के खिलाफ प्रतिदिन कार्रवाई की जाएगी। आयोजन स्थलों और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर जरूरत के अनुसार पुलिस बल तैनात किया जाएगा। त्योहारी सीजन में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने और जरूरत के मुताबिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए थाना और जिला स्तर पर विशेष टीमें गठित कर उनकी तलाश तेज करने को कहा गया है। पुलिस को अपराध नियंत्रण के साथ लंबित वारंटों के निष्पादन पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने स्वतंत्र रूप से थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को निर्णय क्षमता बढ़ाने, अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण रखने और थाने के कामकाज की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

खरसिया में विराजी मां जगत जननी

खरसिया। हर साल ही तरह इस साल भी शहर में शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाया जा रहा है और मां जगत जननी के विविध रूपों की पूर्ण भक्ति भाव से पूरे नौ दिनों तक पूजा अर्चना की जा रही है। नगरवासियों द्वारा नगर के अनेक स्थानों पर पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्त सुबह शाम माता की अराधना कर रहे हैं। जिससे शक्ति और भक्ति के रंग में नगर डूबा हुआ है।श हर साल की तरह इस वर्ष भी संस्कारधानी और व्यापारिक नगरी खरसिया में शारदीय नवरात्र का पर्व अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जगत जननी मां आदिशक्ति के विविध स्वरूपों की पूर्ण भक्ति.भाव के साथ आराधना का यह दौर पूरे नगर में जारी है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

नगर के मुख्य मार्गों चौराहों और विभिन्न वार्डों में कलात्मक और भव्य पंडालों का निर्माण किया गया है। हर पंडाल में मां दुर्गा की मनमोहक और विशाल प्रतिमाएं



और झांकियां स्थापित की गई हैं। हमालपारा, स्टेशन चौक, गंज बाजार, मौहापाली रोड, पोस्ट आफिस रोड, पुरानी बस्ती, रायगढ़ रोड़ सहित लगभग दो दर्जन से अधिक जगह पर पंडाल बनाकर देवी दुर्गा की अराधना की जा रही है। माता के दरबार में प्रतिदिन सुबह और संध्याकालीन महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। ढोल.नगाड़ों, घंटियों और शंखनाद के साथ गूंजते माता के भजनों से पूरा वातावरण गुंजायमान है।दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग, जेईई-नीट मेंटरशिप सहित अन्य परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

कलेक्टर ने की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा, विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर जिले में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, सीखने की क्षमता में वृद्धि और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सहज और रुचिकर बनाने के साथ विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने अंतरिक्ष संगवारी, स्मार्ट क्लासेस, संपर्क स्मार्ट शाला, जेईई-नीट की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को मेंटरशिप प्रदान करने सहित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने, सीखने की क्षमता बढ़ाने और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

अंतरिक्ष संगवारी के तहत 14 अक्टूबर को चयन परीक्षा

अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम के अंतर्गत इसरो में एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग के लिए प्रतिभावान विद्यार्थियों के चयन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाली चयन परीक्षा में जिले के 10 हजार 407 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए जिले में 192 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के माध्यम से 100 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इन विद्यार्थियों को रायपुर में अंतरिक्ष विज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद उनमें से 50 विद्यार्थियों को इसरो में एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। कलेक्टर श्री व्यास ने चयन परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जेईई-नीट की तैयारी के लिए 200 विद्यार्थियों को मिलेगी मेंटरशिप

कलेक्टर ने जिले के विद्यार्थियों को जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से संचालित कार्यक्रम की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि कक्षा 11वीं और 12वीं के कुल 670 विद्यार्थियों की विकासखंड स्तर पर चयनित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों सेजेस में ओएमआर आधारित परीक्षा आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर 200 विद्यार्थियों का चयन मेंटरशिप के लिए किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, विषयों की समझ विकसित करने और परीक्षा संबंधी रणनीति के लिए मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

छात्रवृत्ति परीक्षा से विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक सहायता

कलेक्टर श्री व्यास ने बैठक में राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारियों और आवेदन प्रक्रिया की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के लिए विद्यालय स्तर पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर तथा परीक्षा केंद्र पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर निर्धारित है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पात्र विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलती है। इससे विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक सहायता मिलती है। कलेक्टर ने परीक्षा के संबंध में विद्यार्थियों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने और पात्र विद्यार्थियों को आवेदन के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

स्मार्ट क्लासेस सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

कलेक्टर ने विद्यालयों में संचालित स्मार्ट क्लासेस और संपर्क स्मार्ट शाला कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए इनके नियमित एवं प्रभावी संचालन पर जोर दिया। बैठक में उन्होंने मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट, अपार आईडी निर्माण, विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र तथा स्टूडेंट डाटा एंट्री की प्रगति की भी समीक्षा की । कलेक्टर ने लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने पर जोर दिया, ताकि विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं और विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

नवरात्रि पर्व पर कोसीर में निकली कलश यात्रा

कोसीर। माँ कौशलेशवरी के ऐतिहासिक नगरी कोसीर में नवरात्र पर्व को लेकर पूरे ग्राम में भक्ति पूर्ण महौल पुरे दिन बनी रही आज नवरात्र की प्रथम दिन माँ कौशलेशवरी की धाम कोसीर में विशाल व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव की महिलाओ युवा बच्चे भारी संख्याओं में भाग लिया और ग्राम के गली मुहल्ला सहित गांव के हृदय स्थल अम्बेडकर चौक से कलश यात्रा निकलते हुए गांव की भ्रमण करते हुए कलश यात्रा मंदिर पहुचें जहाँ पंडित जी के दारा विधि विधान के साथ मत्रोचर पाठ करते हुए माता की स्थापना करते हुए पुरी विधि विधान के साथ पूजा पाठ की जिसमे गांव सहित आसपास क्षेत्र वासी भारी संख्या में उपस्थित हूऐ इस तरह से पूरे दिन माँ शैलपुत्री की बडी ही श्रद्धा के साथ पुजा पाठ की गई।

शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

घरघोड़ा। डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलाईपल्ली में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहार, अनुशासन और सर्वांगीण विकास का अर्धवार्षिक मूल्यांकन करना था। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं उनकी उपलब्धियों पर सकारात्मक विचार विमर्श किए। कार्यक्रम के दौरान पालकों से प्रतिपुष्टि लिया गया। अभिभावकों ने सकारात्मक सुझाव दिए। अंत में विद्यालय प्रमुख ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों को उपचरात्मक शिक्षण व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया एवं साथ ही शिक्षकों को बच्चों की व्यक्तिगत क्षमता देखते हुए अनेक शिक्षण विधियों को अधिक से अधिक क्रियान्वयन करने की सलाह दी।

छग कर्मचारी संघ के वेद बने जिला महामंत्री

घरघोड़ा। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के वेद प्रकाश अजगल्ले को जिला शाखा महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। वेद उप संचालक कृषि विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत हैं एवं संगठनात्मक कार्यों का अनुभव है। लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी बहुत अच्छी तरह निभाई है।



श्रमिक माधुरी को मिली 20 हजार की सहायता

रायगढ़। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से ग्राम संगीतराई की श्रमिक माधुरी महंत को बेटी की पढ़ाई के लिए 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिली है। सीमित आय के कारण बेटी की शिक्षा का खर्च उठाने में होने वाली परेशानी अब कम हुई है और वे बेटी का भविष्य संवारने को लेकर अधिक आश्वस्त हैं। माधुरी महंत ने बताया कि वे श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक हैं और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। परिवार की जिम्मेदारियों के साथ बेटी की पढ़ाई का खर्च उठाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। इसी दौरान उन्हें श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना की जानकारी मिली। उन्होंने योजना के तहत आवेदन किया और पात्रता के अनुसार उन्हें 20 हजार रुपए की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्राप्त हुई।

कोसीर में चला स्वच्छता अभियान, किया पौधरोपण

सारंगढ़। ग्राम कोसीर में जल संसाधन विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ानाए पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान में भाग लिया। सभी ने हाथों में झाड़ू लेकर सार्वजनिक स्थलों की साफ.सफाई की तथा ग्रामीणों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

धरमजयगढ़ को मिली 20.18 करोड़ की सौगात

सरिया नाला पर बनेंगे दो उच्च स्तरीय पुल, सांसद की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सड़क, पुल विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला



सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क और पुल जैसी सुविधाएं केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। इनसे लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओंए कृषि और व्यापार के क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। सांसद राधेश्याम राठिया के प्रयासों से सरिया नाला पर दो उच्चस्तरीय पुलों के निर्माण को मिली प्रशासनिक स्वीकृति धरमजयगढ़ क्षेत्र की संपर्क व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सांसद राधेश्याम राठिया के प्रयासों से धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। क्षेत्र के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से सरिया नाला पर दो उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। दोनों परियोजनाओं पर कुल 20 करोड़ 18 लाख 62 हजार खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। सांसद ने कहा कि धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना और वर्षों से चली आ रही समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

राज्य सरकार के सहयोग से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तभी सार्थक होगा, जब वहां रहने वाले लोगों को सड़क, पुल और सुरक्षित आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में नाला पार करने और अपने दैनिक कार्यों के लिए दूसरे गांवों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में आवश्यक निर्माण कार्यों को स्वीकृति दिलाने के लिए प्रयास किए गए। आगे सांसद ने कहा कि अंगना पोटिया और कोंधरा खड़गांव मार्ग पर पुलों के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि विद्यार्थियों, मरीजों, किसानों और रोजमर्रा के कामकाज के लिए आने जाने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा। सांसद ने कहा कि जनसुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना आवश्यक है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकें। धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत दोनों परियोजनाओं में पहला कार्य अंगना से पोटिया मार्ग पर सरिया नाला में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण है। इस परियोजना के लिए 11 करोड़ 16 लाख 31 हजार स्वीकृत किए गए हैं वहीं, दूसरी परियोजना कोंधरा से खड़गांव के मध्य सरिया नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण की है। इसके लिए 9 करोड़ 2 लाख 31 हजार की राशि निर्धारित की गई है। दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 20 करोड़ 18 लाख 62 हजार रुपए है।



दो ट्रेलरों में भिड़ंत, उखड़ गया केबिन, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुड़ेकेला

छाल थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क दुर्घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया है। दो भारी ट्रेलरों के बीच आमने-सामने हुई टक्कर इतनी भयानक थी कि एक वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसका केबिन पूरी तरह उखड़कर हवा में बिखर गया। इस दिल दहला देने वाले हादसे में बिहार के एक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यह दर्दनाक हादसा छाल क्षेत्र में हुआ।

ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीके 6991 कोयला लोड लेकर जा रहा था तभी सामने से आ रहे एक अन्य ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएन 7734 ने उसे बेहद तेज रफ्तार और लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन क्रमांक सीजी 12 बीके 6991 का अगला हिस्सा और पूरा केबिन अपनी जगह से उखड़ गया, जिससे चालक को संभलने का एक मौका तक नहीं मिला। इस भीषण दुर्घटना में ट्रेलर चालक मोहम्मद उमर फारूक पिता स्व. ताहिर अंसारी उम्र 26 वर्ष पेशा चालक निवासी नारंगपुर थाना हसन बाजार जिला भोजपुर बिहार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चालक केबिन के भीतर ही बुरी तरह फंस गया था। घटना की सूचना मिलते ही छाल पुलिस तुरंत दल बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेते हुए दुर्घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच शुरू कर दी है और दोनों दुर्घटनाकारी वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मृतक के शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों को दिया जा रहा करियर मार्गदर्शन

रायगढ़। पुसौर ब्लॉक हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में विद्यार्थियों को कक्षा दसवीं और बारहवीं के बाद विषय चयन, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यशालाओं में प्रशिक्षित वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नीट, जेईई, संघ लोक सेवा आयोग, राज्य सेवा परीक्षा, बैंकिंग, रेलवे, कर्मचारी चयन आयोग और रक्षा सेवाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के तरीके



बताए। साथ ही वर्तमान समय की मांग के अनुरूप व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार के अवसरों से भी अवगत कराया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुरूप करियर का चयन करने तथा योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशालाओं में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर पढ़ाई को सरल और रोचक बनाने पर भी जोर दिया गया। स्मार्ट बोर्ड और डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से विद्यार्थियों को तर्कशक्ति से जुड़े सवालों, विशेषकर कोडिंग डिकोडिंग जैसे विषयों को हल करने के तरीके समझाए गए।

जल संरक्षण और स्वच्छता का संकल्प लेकर ग्रामीणों ने मनाया जल अर्पण दिवस

सारंगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जल जीवन मिशन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पेयजल व्यवस्थाओं के बेहतर संचालन से जोड़ने के उद्देश्य से विकासखंड बिलाईगढ़ की ग्राम पंचायत खुरदरहा एवं आश्रित ग्राम चचरेल में जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय खुरदरहा में आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए जल संरक्षण, स्वच्छता और पेयजल स्रोतों के सुरक्षित रखरखाव के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।



ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती रजनी साहू, उपसरपंच एवं पंचगण की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों और पेयजल योजनाओं के संचालन एवं संधारण की जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ जल आपूर्ति व्यवस्था को लंबे समय तक सुचारु बनाए रखना भी आवश्यक है। इसके लिए ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी, जल का विवेकपूर्ण उपयोग तथा प्रतिमाह निर्धारित जल कर का नियमित भुगतान महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल के महत्व और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। जल स्रोतों के आसपास साफ सफाई बनाए रखने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा हैंडपंपों एवं घरों के आसपास सोख्ता गड्ढों के निर्माण की उपयोगिता बताई गई। ग्रामीणों को समझाया गया कि सोख्ता गड्ढों के माध्यम से उपयोग किए गए पानी के उचित निस्तारण और जलभराव की समस्या को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही भूजल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। जल अर्पण दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को बताया गया कि पेयजल योजनाओं की सफलता केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है।

अब मोबाइल से टोकन लेकर खाद खरीद सकेंगे किसान, रबी सीजन से लागू होगी नई व्यवस्था

- कलेक्टर ने नई उर्वरक वितरण प्रणाली को पूरी पारदर्शिता और प्रभावी ढंग से लागू करने के दिए निर्देश

सारंगढ़। किसानों को रासायनिक खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था को अधिक सुगम, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा रबी सीजन 2026-27 से टोकन आधारित नई व्यवस्था प्रारंभ की जा रही है। इसके तहत किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर नजदीकी विक्रय केंद्र से निर्धारित मूल्य पर रासायनिक खाद खरीद सकेंगे।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने राज्य शासन की इस नई व्यवस्था को जिले में प्रभावी ढंग से लागू करने तथा



उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नई प्रणाली के सुचारू क्रियान्वयन एवं किसानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिएए ताकि खाद प्राप्त करने में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी क्रम में संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़ रायपुर पिछले दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल्स एफएफएस ऐप के संचालन एवं क्रियान्वयन संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव नोडल अधिकारी के रूप में शामिल हुए। कृषि विकास अधिकारी जयप्रकाश गुप्ता एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी लोकेश्वर देवांगन ने मास्टर प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में कृषि संचालनालय द्वारा नई प्रणाली की कार्यप्रणाली, कृषक पंजीयन, टोकन निर्माण, उर्वरक चयन, वितरण एवं विक्रय प्रक्रिया की तकनीकी तथा व्यावहारिक जानकारी दी गई। नई व्यवस्था के अंतर्गत किसान अपने मोबाइल में प्ले स्टोर से एफएफएस ऐप डाउनलोड कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद खाद खरीदने के लिए टोकन प्राप्त कर सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को ऐप के संचालन सहित किसानों को पंजीयन और टोकन प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाने के संबंध में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही उर्वरक वितरण प्रणाली के सुचारू संचालन और किसानों तक इसकी जानकारी पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड स्तर के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों सहित कृषि विकास अधिकारी उमेश कुमार साहू, संतोष पैकरा, बोधराम सतनामी तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में भी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

अब गांव में ही मिलेगी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा

रायगढ़। ग्रामीण अंचल में कला, संस्कृति एवं शास्त्रीय संगीत के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोड़ातराई में संगीत सृजन केंद्र की शाखा खोली गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत कोड़ातराई के सरपंच मृत्युंजय सिंह ठाकुर उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में एसएमडीसी अध्यक्ष विजय शंकर चौधरी, दीपक कुमार देवांगन उपेंद्र कुमार भोय सेवानिवृत बैंक अधिकारी बाबूलाल चौधरी प्रधानपाठक अरुण चौधरी, ग्राम पंचायत के पंचगण सहित प्रतिष्ठित नागरिक एवं संगीत प्रेमियों की भी उपस्थिति रही। संगीत केन्द्र का शुभारंभ कार्यक्रम विद्या कला व संगीत की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ की गई तत्पश्चात संस्था संचालकों की ओर से अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत किया गया।



विधायक लालजीत के मुख्य आतिथ्य में हुआ अग्रसेन चौक का भूमिपूजन

छाल। नवापारा छाल में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। जयंती महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 0 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के



लिए आयोजित फैंसी ड्रेस वेशभूषा प्रतियोगिता रही, जिसमें 20 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में धृति ने अर्धनारीश्वर का स्वरूप धारण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। धृति ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से संदेश दिया कि अर्धनारीश्वर का अर्थ शिव और शक्ति का एक साथ होना है। शिव शांति के प्रतीक हैं और शक्ति ताकत की। दोनों मिलकर सिखाते हैं कि जीवन में परिस्थिति के अनुसार कभी विनम्र तो कभी मजबूत बनना चाहिएए जिस प्रकार माँ प्यार भी देती है और हिम्मत भी। धृति के इस ज्ञानवर्धक प्रस्तुतीकरण और सुंदर संदेश ने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। प्रतियोगिताओं के पश्चात अग्रभोज का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने आपसी प्रेम, भाईचारे एवं एकता के साथ सहभागिता निभाई।

माफियाओं के हौसले बुलंद अवैध खनन पर कार्रवाई नहीं

सरसींवा। जिले में रेत और मुरुम का अवैध खनन बेखौफ हो रहा है। ओढ़काकान, चिकनीडीह और दहिदा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायतें हैं, लेकिन माइनिंग विभाग के अधिकारी कार्रवाई तो दूर, जांच करने तक नहीं जाते हैं।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायतें की जा रही है, फिर भी अवैध खनन पर लगाम नहीं लग पा रही है। इससे शासन के राजस्व को काफी नुकसान हो रहा है। खनन पट्टों, रॉयल्टी, परिवहन पास और उत्खनन की वास्तविक स्थिति की



जांच नहीं हो रही है। ओढ़काकान, चिकनीडीह और दहिदा सोहागपुर सहित संदिग्ध खनन क्षेत्रों की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय होगी, तभी अवैध खनन पर रोक लगाने के दावों की वास्तविकता सामने आएगी।

बारिश के अभाव में खेतो में पानी की आने लगी समस्या

पानी के अभाव में किसानों की बढ़ी चिंता, हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कोसीर, बटाऊपाली सहित पूरे अंचल में इस समय बारिश के अभाव में खेतो में पानी की समस्या देखी जा सकती है। खेतों में पानी पूरी तरह से सूख गई है। अभी लंबी अवधि के धान में पोटरी पान भी नहीं आई है। हालांकि छोटे नस्ल के फसल में बालियां आ गई हैं और उसे किसी भी प्रकार की नुकसान नहीं होगी। बड़े नस्लों के फसलों में अभी पानी की जरुरत है, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। ऐसे में अंचल के किसानों के माथे पर अभी से चिंता की लकीरें नजर आने लगी है।

अभी कुछ ही दिनों से मौसम की अचानक करवट बदलने से अंचल के किसान काफी हद तक परेशान नजर आ रहा है क्षेत्र के खेतो मे पानी पुरी तरह से सुख गया है जिससे आधा से ज्यादा फसल नुकसान



होने के कगार पर अगर कुछ दिनो मे बारिश नहीं होती तो किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कोसीर अंचल के अधिकतर किसान सिंचाई के

सता रही कर्ज की चिंता

किसान खेती कार्य में सब कुछ दांव में लगा देता है। धान बीज से लेकर खाद दवाई तक उधारी लेकर कृषि कार्य में लगा देता है जिससे किसानों की तिल-तिल कर्ज में डूबा रहता है। जैसे ही फसल अच्छा होता है किसान धान बिक्री कर एक-एक पाई चुका कर दम लेता है। यदि बारिश ही न हो तो फसल भी नहीं हो पाएगा। जिससे किसानों की चिंता अभी से बढने लगी है और किसानों को कर्ज की चिंता सताने लगी है।

व्यवस्था नहीं होने के कारण केवल बारिश पर निर्भर है यदि बारिश हुआ तो अच्छा फसल और यदि नहीं हुई तो किसान की फसल का आधा भी मिलना मुश्किल है। पानी के अभाव में किसान परेशान होकर नदियां नालें व तालाबों से विकल्प ढूंढ रहे हैं और सिंचाई के फिराक में जुटे हैं।

